तापमान
अधिकतम 36.7°C
न्यूनतम 20.2°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

11 माता वैष्णो देवी के दर्शन कराएगी 'त्योहार स्पेशल ट्रेन'



12 महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी एवं टैलेंट हंट शो



## खबर संक्षेप

### कांवड़ विवाद के बाद फायरिंग में दो और आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गांव दिपालपुर निवासी प्रवीन पुत्र समरू और मंजीत उर्फ पेंडा के रूप में हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 14 सितंबर को दिपालपुर निवासी हर्ष ने शिकायत दी थी कि करीब एक माह पहले वह परिवार व साथियों के साथ डाक कांवड़ लेने गया था। इसी दौरान दूसरी पार्टी के मंजीत, रिगल और प्रवीन भी कांवड़ लेने गए थे। कांवड़ पहले लाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। बाद में सोशल मीडिया पर भी गाली-गलौज हुई। शिकायत के अनुसार बहालगढ़ में हर्ष और उसके साथियों का पीछा कर चिटाना निवासी निकेश उर्फ केसी ने पिस्तौल से फायर किया। गोली पुल की दीवार में लगी थी। पुलिस ने मामले में पहले रिगल और निकेश को गिरफ्तार किया था। अब प्रवीन और मंजीत उर्फ पेंडा की गिरफ्तारी हुई है।

### मकान से सामान चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने जीटी रोड पर निर्माणाधीन मकान से लोहे के गाटर, सरिया, बिजली के तार और फिटिंग का सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आरके कॉलोनी, मुरथल निवासी दलविंद्र उर्फ लांगर और सोहन के रूप में हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त को मुरथल निवासी रमेश ने शिकायत दी थी कि वह जीटी रोड पर नवग्रामीण ढाबे के पास मकान का निर्माण करवा रहा है। आरोप है कि दलविंद्र और सोहन वहां से 40 लोहे के गाटर, आठ बंडल बिजली के तार, एक बोरा प्लास्टिक, फिटिंग का सामान, चार लोहे के सरिये और अन्य सामान चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजेश ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

# जानवी से शादी के लिए रामेश्वरी ने किया इनकार, विशाल ने की हत्या : पुलिस

■ सेक्टर-15 में महिला की हत्या मामला: आरोपी के बेटी से संबंध और उसकी भूमिका के दावे की भी जांच जारी

दो दिन के रिमांड के बाद पुलिस ने विशाल को अदालत में पेश किया, न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सेक्टर-15 में रामेश्वरी की गला दबाकर हत्या के मामले में गिरफ्तार विशाल को दो दिन का पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद वीरवार को अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में विशाल ने रामेश्वरी की बेटी जानवी से शादी करने की इच्छा और उसकी मां द्वारा रिश्ते से इनकार को हत्या की वजह बताया है। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी से घटनास्थल की निशानदेही कराई और वारदात का घटनाक्रम समझने के लिए सीन रीक्रिएशन भी कराया। पुलिस के मुताबिक अभी तक जांच में जानवी और विशाल के बीच प्रेम संबंध या हत्या की वारदात में जानवी की भूमिका से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से दोनों के बीच हुई बातचीत, कॉल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी ने प्रेम संबंध से किया इनकार

जानवी के अनुसार विशाल उससे शादी करना चाहता था, लेकिन वह स्वयं इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थी। उसकी मां रामेश्वरी ने भी शादी के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया था। जानवी के अनुसार दोनों का गोत्र आंतिल है और दोनों गांव आंतिल चौबीसी क्षेत्र से संबंधित हैं। इसी कारण उसकी मां ने रिश्ते से इनकार किया था। जानवी ने विशाल के साथ प्रेम संबंध होने और मां की हत्या में अपनी किसी भूमिका से भी इनकार किया है। उसका कहना है कि वह करीब दो माह से विशाल से बातचीत नहीं कर रही थी। उसने यह भी आरोप लगाया कि विशाल पहले उसकी मां के साथ विवाद कर चुका था। हालांकि पुलिस इन दावों की भी जांच कर रही है।

### फोटो मांगने की बात भी सामने आई

जानवी ने पुलिस को बताया कि 2 अक्तूबर को पानीपत पहुंचने के बाद विशाल ने उससे फोटो मांगी थी, लेकिन उसने फोटो देने से इनकार कर दिया था। पुलिस इस संबंध में उपलब्ध कॉल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया गया। पुलिस अब आरोपी के बयानों का घटनाक्रम और उपलब्ध साक्ष्यों से मिलान कर रही है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की निशानदेही कराई गई और रिमांड पूरा होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

## कुंडली में झोलाछाप क्लिनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

# प्रतिबंधित व एक्सपायरी दवाइयां बरामद, बिना पंजीकरण प्रैक्टिस

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संचालकों को चेतावनी देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** क्लीनिक पर कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

कुंडली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कथित झोलाछाप क्लिनिकों के खिलाफ छापेमारी कार्रवाई की। टीम ने कई क्लिनिकों पर पहुंचकर संचालकों की चिकित्सकीय योग्यता, डिग्री-डिप्लोमा और इलाज से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कुछ क्लिनिकों में प्रतिबंधित और एक्सपायरी दवाइयां मिलने के साथ मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं मिली। इसके बावजूद औपचारिकता पूरी कर कोई कार्रवाई नहीं की गई और चेतावनी देकर छोड़ा गया। टीम ने कई क्लिनिकों पर पहुंचकर संचालकों की चिकित्सकीय योग्यता, डिग्री-डिप्लोमा और इलाज से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। हेल्थ इंस्पेक्टर डॉ. विकास तुसीर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की जांच में कुछ संचालकों के पास उत्तर प्रदेश समेत अलग-अलग स्थानों से प्राप्त डिग्री या अन्य शैक्षणिक दस्तावेज होने की जानकारी सामने आई। हालांकि, इन दस्तावेजों के आधार पर हरियाणा में चिकित्सकीय प्रैक्टिस के लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन होने की पुष्टि नहीं हो सकी। डॉ. विकास तुसीर ने कहा कि जांच के दौरान टीम ने कई क्लिनिकों में रखी दवाइयों और मेडिकल सामग्री को भी देखा। कुछ स्थानों पर प्रतिबंधित दवाइयां मिलने की बात सामने आई, जबकि कुछ दवाइयां एक्सपायरी डेट की भी मिलीं। इसके अलावा मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था भी नहीं मिली।

# एलोवेरा जैल की बिल्टी में मिली शराब, 8160 पव्वे बरामद

**सोनीपत।** शराब की तस्करी के लिए एलोवेरा जैल के नाम पर भेजी गई खेप बारोटा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वेयरहाउस में पकड़ी गई। चंडीगढ़ से भेजे गए 85 बॉक्स की जांच करने पर इनमें अंग्रेजी शराब के 8160 पव्वे मिले। शराब ऑल सीजन ब्रांड की थी। जांच के दौरान शराब की बोतलों पर बारकोड और होलोग्राम भी नहीं मिले। कार्रवाई की भनक लगते ही चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। कुंडली थाना क्षेत्र के बारोटा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वेयरहाउस में शिवा एंटरप्राइजेज फ्रेंचाइजी के नाम से 85 बॉक्स पहुंचे थे। बॉक्स पर एलोवेरा जैल लिखा था और बिल्टी में भी इसी सामान का उल्लेख था। वेयरहाउस के ऑडिटिंग मैनेजर रविंद्र को खेप संदिग्ध लगी। उन्होंने एक बॉक्स खोलकर जांच की तो उसमें एलोवेरा जैल के बजाय शराब के पव्वे मिले। इसके बाद सभी बॉक्स की जांच कराई गई। प्रत्येक बॉक्स में शराब बरामद हुई। गिनती करने पर कुल 8160 पव्वे मिले।

■ बारोटा के वेयरहाउस में मैनेजर को खेप संदिग्ध लगी तो खुला मामला, चालक वाहन समेत फरार

### चंडीगढ़ से पटना भेजी जानी थी खेप

सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शराब की खेप कब्जे में ले ली। जांच में सामने आया कि खेप चंडीगढ़ से ललित एजेंसी के माध्यम से पटना के श्याम मार्केट भेजी जानी थी। इसी दौरान कार्रवाई की भनक लगने पर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। आबकारी निरीक्षक सोमबीर की शिकायत पर कुंडली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार सवार युवक 1.775 किलो. चरस के साथ गिरफ्तार

गोहाना। क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मुंडलाना चौक के पास से बेजा कार सवार युवक को 1.775 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान गांव घड़वाल निवासी मोहित उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस ने चरस, बैग और कार को कब्जे में लिया है। आरोपित के खिलाफ थाना सदर गोहाना में केस दर्ज किया गया। बुधवार रात करीब 11:40 बजे पुलिस टीम मुंडलाना बस अड्डे के पास पहुंची। इसी दौरान सूचना मिली की घड़वाल निवासी मोहित चरस बेचने का काम करता है और बेजा में चरस लेकर पानीपत की तरफ से आएगा। करीब 1:20 बजे पुलिस टीम को पानीपत की तरफ से एक बेजा आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रुकवाया और जांच की। जांच के लिए राजपत्रित अधिकारी नायब तहसीलदार हेमंत कुमार को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद आरोपित मोहित और उसके बैग की तलाशी ली गई। उससे 1.775 किलोग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने कार को भी कब्जे में लिया।

# पल्प बोर्ड की सप्लाई का झांसा देकर 1.48 लाख ठगे, महिला के खाते से 45 बार निकली रकम

**सोनीपत।** साइबर ठगी के दो मामले सामने आए हैं। साइबर ठगों ने एक कारोबारी को पल्प बोर्ड की सप्लाई का झांसा देकर 1.48 लाख रुपये ऐंठ लिए, जबकि मोबाइल फोन खोने के बाद एक महिला के बैंक खाते से 45 बार अनधिकृत लेन-देन कर 1.03 लाख रुपये निकाल लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यापारी से ऐसे ठगी

न्यू पंचम नगर निवासी संजय सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने फेसबुक पर राज पेपर बोर्ड, हनुमानगढ़ के नाम से पल्प बोर्ड के गत्ते बनाने का विज्ञापन देखा था। संपर्क करने पर आरोपितों ने 750 रुपये लेकर सैंपल भेजा। सैंपल पसंद आने पर उन्होंने ऑर्डर दिया। आरोपितों ने 20 हजार रुपये अग्रिम लेने के बाद ट्रक से माल भेजने के नाम पर 98,600 रुपये और ले लिए। इसके बाद ईंधन व अन्य खर्च बताकर 10 हजार रुपये अतिरिक्त वसूल लिए। इस तरह कुल 1,48,600 रुपये लेने के बाद भी माल नहीं भेजा। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपितों ने भरोसा कायम करने के लिए बिल, वाहन और चालक से जुड़े दस्तावेज भी भेजे थे। बाद में संपर्क करने पर गाली-गलौज की और फोन उठाना बंद कर दिया।

### फोन खोने के बाद खाते से निकले 1.03 लाख

बीसवां मील निवासी निरंजनी ने बताया कि 14 सितंबर को उनका मोबाइल फोन खो गया था। अगले दिन से बैंक खाते से यूपीआई के जरिये रकम निकलने लगी। आधार से पैसे निकालने बैंक पहुंचने पर खाते में राशि नहीं मिली। बैंक से विवरण लेने पर पता चला कि 15 सितंबर से 3 अक्तूबर के बीच 45 अनधिकृत लेन-देन हुए। इनमें 10 रुपये से लेकर 19 हजार, 11 हजार और 10 हजार रुपये तक की रकम शामिल थी। कुल 1,02,998 रुपये खाते से निकाले गए।

## शारदीय नवरात्र के लिए सजने लगे शहर के मंदिर

# हस्त नक्षत्र व शुक्ल योग में गज पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

11 अक्टूबर से शुरू होगा शारदीय नवरात्र, 20 को दशहरा व दुर्गा विसर्जन के साथ होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ मां चिटाने वाली माता मंदिर में नवरात्र उत्सव को लेकर फूलों से सजावट करते कारीगर।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का शारदीय नवरात्र उत्सव 11 अक्टूबर से शुरू होगा और 20 अक्टूबर को दशहरा व दुर्गा विसर्जन के साथ संपन्न होगा। नवरात्र के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां दुर्गा का आगमन गज (हाथी) पर होगा, जिसे सुख-शांति, शक्ति, स्थिरता, धैर्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र को लेकर जिलेभर के मंदिरों और घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

पंडित अमित शौनक और आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर रात 9:18 बजे से 11 अक्टूबर रात 9:30 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू होंगे। घट स्थापना के लिए सुबह 6:19 से 10:12 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:49 से दोपहर 12:37 बजे तक रहेगा। वैधृति योग होने के कारण अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना को श्रेष्ठ माना गया है। अति आवश्यकता में लाभ व अमृत चौघड़िया के दौरान सुबह 10:04 से दोपहर 12:15 बजे तक भी घट स्थापना की जा सकेगी। 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी का पूजन होगा। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ दुर्गा विसर्जन किया जाएगा।

### कई शुभ योगों का महासंयोग बनेगा

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार नवरात्र में कई शुभ योग बन रहे हैं। प्रथम दिन हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग का संयोग रहेगा। गुरु-चंद्रमा की युति से गजकेसरी राजयोग, सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य योग और बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मीनारायण योग बनने की बात कही गई है। शनि की मजबूत स्थिति से शश महापुरुष राजयोग का निर्माण होगा। इसके अलावा नौ दिनों में एक अमृत सिद्धि योग, दो सर्वार्थ सिद्धि योग और दो रवि योग भी बनेंगे।

### रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों व फूलों से सजावट

नवरात्र को लेकर शहर के मंदिरों में सजावट और व्यवस्थाओं का दौर शुरू हो गया है। बड़ा बाजार स्थित सिद्धपीठ मां चिटाने वाली माता मंदिर, गांव चिटाना का प्राचीन सिद्धपीठ माता मंदिर, कामी रोड काली माता मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नव दुर्गा मंदिर और कच्चे क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों और लड़ियों से सजाया जा रहा है। नवरात्र के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

### नौ दिन मां के स्वरूप

11 अक्टूबर: घट स्थापना, मां शैलपुत्री पूजन
12 : मां ब्रह्मचारिणी पूजन
13 : मां चंद्रघंटा पूजन
14 : मां कुष्मांडा पूजन
15 : मां स्कंदमाता पूजन
16 : मां कात्यायनी पूजन
17 : मां कालरात्रि पूजन
18 : महानिशा पूजन
19 : मां महागौरी व सिद्धिदात्री पूजन, कन्या पूजन
20 अक्टूबर: विजयादशमी व दुर्गा विसर्जन



विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

# दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।




## दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

**भारत में** दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

## दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत




**हिमाचल प्रदेश** के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *




## दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

**प्रशांत महासागर** में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

## दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

**उत्तरी ध्रुव** के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



## अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



**तकनीकी रूप** से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

## दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



**बच्चो, हमारे** देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

# त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

**अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस:** बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

**पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी:** त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

**मम्मी-पापा की करो मदद:** त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

**हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश:** तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

**अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति:** दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

## काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां




बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *




**किताब :** अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

# रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



# मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

## जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-225 का उत्तर :** 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

**जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले :** हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

## रंग भरो-212

**रंग भरो-212** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के जिलों के श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी

# नवरात्र में वैष्णो देवी के दर्शन कराएगी 'त्योहार स्पेशल ट्रेन'

■ रेलवे नई दिल्ली से कटरा अप-डाउन रूट पर 9 अक्तूबर से 17 मार्च तक करेगा त्योहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन, लगाएगी चार फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

त्योहारी सीजन के नजदीक आते ही ट्रेनों के परिचालन में देरी का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रतिदिन रेलवे यातायात व्यवस्था पटरी से उतरने लगी है, जिससे ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। ट्रेनों के परिचालन में लेटलतीफी के चलते यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों से लेकर सवारी गाड़ियां तक सोनीपत स्टेशन पर देरी से पहुंच रही हैं। इस बीच उत्तर रेल मंडल ने शारदीय नवरात्र के दौरान माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नई दिल्ली से कटरा तक त्योहार स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 04083/04084 स्पेशल ट्रेन निर्धारित रूट पर 10 दिन में अप-डाउन रूट पर चार फेरे लगाएगी।

नवरात्र से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेल मंडल ने साप्ताहिक त्योहार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। ऐसे में विभिन्न प्रदेश व जिलों में अपने घरों से दूर काम कर रहे प्रवासी लोग नवरात्र उत्सव मनाने के लिए भी अपने घरों का रुख कर सकेंगे। इसके अलावा 11 अक्तूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं।

ऐसे में काफी संख्या में श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटरा पहुंचते हैं। यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से अतिरिक्त ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इससे दिल्ली एनसीआर सहित हरियाणा, पंजाब के विभिन्न जिलों के श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। स्पेशल ट्रेन चलने से नवरात्र के दौरान कटरा जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।



सोनीपत। सोनीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत

रेलवे ने नवरात्र में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। नवरात्र में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए काफी संख्या में यात्री जाते है। उनकी सुविधा को देखते हुए नई दिल्ली-कटरा रूट पर चार दिन त्योहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत है।

-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

### सोनीपत सहित इन स्टेशनों पर रहेगा ठहराव

शयनयान, एसी श्रेणी के डिब्बों वाली त्योहार स्पेशल ट्रेन का मार्ग में सोनीपत सहित पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, ढंढारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कथुआ, जम्मूतवी व शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन पर ठहराव रहेगा। स्पेशल ट्रेन के संचालन का लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट के दैनिक यात्रियों को भी फायदा मिलेगा।

### यह रहेगा स्पेशल ट्रेन का शेड्यूल

शेड्यूल अनुसार 04083 स्पेशल ट्रेन 9 व 16 अक्तूबर शुक्रवार को नई दिल्ली से दोपहर 2 बजे कटरा के लिए रवाना होगी। दोपहर 2:53 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन के रास्ते 10 व 17 अक्तूबर को सुबह 3 बजे कटरा पहुंचेगी। वापसी में 04084 स्पेशल ट्रेन 10 व 17 अक्तूबर को कटरा रेलवे स्टेशन से सुबह 10 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। यह ट्रेन सोनीपत रेलवे स्टेशन पर रात 10:08 बजे पहुंचेगी और रात 11:30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रा संपन्न करेगी।

## शिकायतों के निस्तारण के साथ अधिकारियों की जवाबदेही तय कर रहा प्रशासन : विधायक



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा की अध्यक्षता में उप मंडल कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें विधायक के समक्ष रखीं। विधायक पवन खरखौदा ने स्वयं शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों से कार्यवाही की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से गांव पिपली से जमाबंदी में लोन की रकम ठीक करवाने, गांव तुर्कपुर से सोलर मोटर चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज न करने, नगर पालिका की सार्वजनिक जमीन व रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत दर्ज करवाई गई। इसके अलावा पेंशन और फैमिली आईडी से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार बिजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन काल्टा, सुपरीटेंडेंट राजेश, एमिनेंट पर्सन सुनील पांचाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 24 अक्टूबर को सेक्टर-7 में होगा कांग्रेस सम्मेलन



**गोहाना।** सेक्टर-7 के सामुदायिक भवन में 24 अक्तूबर को कांग्रेस गोहाना खंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि रोहतक लोकसभा के सांसद दीपेंद्र हुड्डा होंगे। गुरुवार को पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक शहर की चोपड़ा कालोनी में लोगों को कार्यकर्ता सम्मेलन का निमंत्रण देने पहुंचे। उन्होंने कहा भाजपा जातिवाद और धर्म के नाम पर राजनीति करती है। भाजपा ने झूठे वायदे और जुमलेबाजी से सत्ता प्राप्त करने का काम किया है। अब लोग भाजपा नेताओं की बहकाई में नहीं आएंगे। इस अवसर पर गोहाना शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट उमेश विज, डॉ दिलबाग खान, नरेंद्र अत्री, आजाद सिंह ढांगी, डॉ. दलवीर सांगवान, एडवोकेट बिट्टू सहरावत ,धर्मवीर मलिक, धर्मवीर कालीरमन, शेर दिन फौजी, कृष्ण ललि, भाने राम, नरेंद्र मलिक, विशाल चहल, जगदीश पटवा व राजवीर मेहरा के अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों को योजना बनाकर सीखने, विकास करने व सफलता हासिल करने का संदेश दिया

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, सोनीपत में विद्यार्थियों को बदलते औद्योगिक परिवेश, करियर संभावनाओं और पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक कौशलों से परिचित कराने के उद्देश्य से 'पेशेवर सफलता के लिए रणनीतिक करियर योजना' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में कैनिक्स इन्फोटेक के उत्तर भारत शाखा प्रबंधक, कॉर्पोरेट बिक्री प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय कारोबार विशेषज्ञ एवं करियर वक्ता मलिक ने विद्यार्थियों को करियर नियोजन, कौशल विकास, उद्योग अनुभव, पेशेवर विकास और रोजगार के बदलते स्वरूप की जानकारी दी। सफल करियर केवल नौकरी हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि निरंतर सीखने, स्वयं को बेहतर बनाने और दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने से तैयार होता है। प्राचार्या ने कहा कि सेमिनार विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को योजना बनाकर सीखने, विकास करने और सफलता हासिल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन की प्रोफेसर कोमल ने किया। इस अवसर पर कुलदीप दहिया, पूनम माथुर, चारु , विनीत, कनिका, मीनाली, मुस्कान और मंजू उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य जांच व नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**गन्नौर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजलूगढ़ी में स्वास्थ्य जांच एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल सोनीपत एवं गन्नौर से पहुंची चिकित्सकों की टीम ने संस्थान के छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीण जांगड़ा ने बताया कि डॉ. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने कुल 103 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों का हेल्थ चेकअप किया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के साथ नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को प्रभावी ढंग से सामने रखा। कार्यक्रम की सफलता में संस्थान के आईईसी इंचार्ज तेजेंद्र सिंह, वर्ग अनुदेशक अशोक कुमार, वरिष्ठ अनुदेशक सत्येंद्र कुमार, सहायक सर्वेश कुमार, मीनाक्षी रानी, प्रमोद कुमार सहित संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा।



### नेत्र जांच शिविर में 95 रोगियों की जांच

**सोनीपत।** महात्मा आशा नन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरथल में मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगाया गया। यह संस्था का 272वां आंखों के मुफ्त ऑपरेशन एवं जांच शिविर था। शिविर का शुभारंभ राम धारी सिंह के ब्रह्मत्व में यज्ञ से हुआ, जिसके मुख्य यजमान संस्था के संयोजक हंस राज वधवा रहे। सिविल अस्पताल से पहुंचे नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विकास चहल ने 95 रोगियों की आंखों की जांच की। इनमें 15 रोगियों में मोतियाबिंद पाया गया। इन रोगियों को 16 अक्टूबर को सिविल अस्पताल में ऑपरेशन की प्रक्रिया के लिए बुलाया गया है। चिकित्सा सहायक प्रवेश धनखड़ ने 55 रोगियों के रक्तचाप और सहायक ने 28 रोगियों के शुगर स्तर की जांच की। अन्य सभी रोगियों को मुफ्त दवाएं दी गईं और आंखों की उचित देखभाल के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। संस्था के महासचिव हर भगवान रहेजा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। शिविर में हरचंद स्नेही, हंस राज वधवा, दिनेश आर्य, ओम प्रकाश झाम्ब, राम किशन बत्रा, राम धारी सिंह, जय भगवान गुप्ता, देस राज, मुकेश मल्होत्रा और सुभाष का सहयोग रहा।

### शिविर में 13 वरिष्ठ नागरिकों सहित 27 का स्वास्थ्य परीक्षण

**गोहाना।** गांव माहरा में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निःशुल्क वृद्ध सेवा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों सहित ग्रामीणों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाना रहा। शिविर में कुल 13 वरिष्ठ नागरिकों सहित 27 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा, योग प्रशिक्षक परमिला और योग सहायक विक्की ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के घर-द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना एक सराहनीय पहल है। ऐसे शिविरों से विशेष रूप से बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों को अपने गांव में ही स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिलती है। शिविर में ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग एवं व्यायाम करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत फरमाणा के शोभनाथ मंदिर में लगा सेवा सेतु कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को खरखौदा उपमंडल के गांव फरमाणा स्थित शोभनाथ मंदिर में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अमित भारद्वाज में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों एवं आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कैंप का अवलोकन करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंप में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिक को उसकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं की सही एवं पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। सेवा सेतु कैंप में बिजली विभाग, आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, नागरिक संसाधन सूचना विभाग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास, महिला एवं बाल कल्याण तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं की जानकारी दी गई।



खरखौदा। स्टालों का अवलोकन करते एसडीएम।

■ एसडीएम बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

### नुक्कड़ नाटक से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**खरखौदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के सौजन्य से बंटी नुक्कड़ नाटक मंडली द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडली द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाना, शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली, खरखौदा तथा गांव तुर्कपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को देश में हुए विकास कार्यों, सरकार की उपलब्धियों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने संवाद,अभिनय एवं हास्य के माध्यम से बदलते भारत की तस्वीर को प्रभावी एवं मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में प्रधानाचार्य अनीता श्योरान , मंच संचालक प्रवीन, मीनू रानी ,पूनम हुड्डा, नीरू, बबीता एवं अन्य अध्यापक और छात्राएं मौजूद रहे। वहीं महाविद्यालय में प्राचार्या तराना मेगी, डॉ रेखा, डॉ दिनेश, डॉ विनोद मलिक, डॉ योगेश बाजवान, एनएसएस इंचार्ज मधु लता अन्य शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे। वहीं गांव तुर्कपुर में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच जगबीर सिंह, शमशेर सिंह, रामकुंवार, ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया।

### कानून, मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

*इनरव्हील क्लब ने टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम*



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कॉलेज स्टाफ साथ में क्लब पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

इनरव्हील क्लब, सोनीपत की ओर से मंगलवार को टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुदेश पंघाल ने छात्राओं को कानून, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों की जानकारी रखने और कानून का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

इनर व्हील क्लब सोनीपत की अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने भी छात्राओं को संबोधित किया। वह टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्या रह चुकी हैं। उन्होंने कॉलेज की वर्तमान प्राचार्या डॉ. उषा दहिया, स्टाफ सदस्यों और छात्राओं की ओर से किए गए स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए आभार जताया। डॉ. कमलेश मलिक ने कहा कि इनर व्हील क्लब समाज के वंचित वर्गों की सेवा और नारी सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की वाइस प्रेसिडेंट सुषमा, शांति सोलंकी, गीता सैनी सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।



गोहाना। नाटक मंडली के कलाकार महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**गोहाना।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के सौजन्य से राजकीय कन्या महाविद्यालय, गोहाना में नमो सेवा अनकही कहानियां विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर छात्राओं को सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। नाटक की प्रस्तुति शुभम नाटक मंडली के कलाकारों द्वारा दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और डिजिटल इंडिया जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को भी विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने धारा 370 और राम मंदिर सहित देश में हुए महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। कलाकारों ने विद्यार्थियों को बताया कि इन विषयों के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने की। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. किरण, विक्रम सिंह, रीना, डॉ. एकता वशिष्ठ, सुमेधा, सुनीता व एकता का विशेष योगदान रहा।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम



**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में एडुनेट फाउंडेशन के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत 'दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडुनेट फाउंडेशन के प्रशिक्षक आदित्य ने छात्राओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न उपयोग, लाभ और जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सही उपयोग से दैनिक कार्यों को सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही छात्राओं को कौशल विकसित करने, रोजगार के नए अवसर पहचानने और बेहतर करियर के लिए इस तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करते समय सावधानी, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का ध्यान रखना आवश्यक है। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या गीता ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक युग की महत्वपूर्ण तकनीक है। इसका जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग शिक्षा, दैनिक जीवन और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध करा सकता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मोनिका और सह-संयोजक आशा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डॉ. निशा, सीमा सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**महायज्ञ** परमात्मा एक है, वेद में मूर्ति पूजा कहीं नहीं, ईश्वर, जीव और प्रकृति ही सत्य हैं

# ऋषि दयानंद को मैक्समूलर ने भी माना: अनिल

■ ऋग्वेद के अनुसार ईश्वर ही हमारी माता और पिता हैं और वह सभी का दाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की विद्वत्ता को जर्मनी के प्रसिद्ध विद्वान मैक्समूलर ने भी माना। अनेक बार मैक्समूलर ने महर्षि दयानंद की विचारधारा और उनके द्वारा किए गए वेद भाष्य को स्वीकार करते हुए उसे सभी के लिए अनुकरणीय बताया है। ये विचार खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत अनिल कुमार वर्मा ने व्यक्त किए। वे वीरवार को शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के दीप प्रज्वलन पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आर्य समाज की संस्थाओं में बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाते हैं। इससे विद्यार्थी देश के प्रति अपने कर्त्तव्य को अच्छे से समझते हैं। महायज्ञ के ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि परमात्मा एक है और वेद में कहीं भी मूर्ति पूजा नहीं है। ईश्वर, जीव और प्रकृति ही सत्य हैं।

उन्होंने कहा कि ऋग्वेद के अनुसार ईश्वर ही हमारी माता और पिता हैं और वह सभी का दाता है। इसलिए पाखंड और अंधविश्वास से बचकर केवल उस निराकार परमात्मा की शरण में जाओ। महायज्ञ में जितेन्द्र नांदल व अमरजीत दहिया सपत्नीक यजमान बने।



सोनीपत। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान धर्मप्रकाश, मंत्री कपिल देव, पुरुषोत्तम दास, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, धर्मेंद्र दहिया, जितेन्द्र सिंह, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, सतेन्द्र, दिलावर, ममता, सोनिया, हिमांशी, जसबीर आदि भी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन



**सोनीपत।** नंदवानी नगर स्थित शिव मंदिर (शिव वाटिका) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन हिमाचल से पधारे कथा व्यास पंडित विनय शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मनोरम झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नाचते नजर आए। 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'गोकुल में आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे बधाई गीतों से पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा व्यास पंडित विनय शर्मा ने कहा कि त्याग के बिना भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है। धर्म के आचरण से अर्जित धन से कामनाओं की पूर्ति करने पर सहज मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है, जबकि अधर्म से कमाया धन काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को बढ़ाता है। उन्होंने युवाओं से गीता, भागवत और रामायण पढ़कर धर्म व संस्कारों को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत के श्रवण से मन की शुद्धि होती है और दोष दूर होते हैं। मंदिर के प्रधान सीताराम भारद्वाज ने बताया कि छठे दिन कृष्ण को छप्पन भोग लगाया जाएगा। मुख्य पुजारी पं. वीरेन्द्र उपाध्याय सहित सुभाष हसीजा, अशोक रेहजा, ओम प्रकाश, दर्शन, रासुनील ठक्कर, नन्द लाल, ज्ञान चन्द ठक्कर, सुनैना, भारती, आरती नीलकण्ठ शर्मा, अमित भारद्वाज, सुभाष शर्मा, कृष्णा राजवन्ती, नीरू, बबली, शंकुतला देवी, कृष्णा शर्मा, दीक्षा भारद्वाज, बिन्दु उपाध्य, ओम प्रकाश, अशोक भारद्वाज, आहुजा, अनिल चड्ढा, आनन्द पुनित शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी जनता कॉलोनी, सोनीपत, तहसील व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विनोद व उसकी पत्नी पम्मी दोनों गुजर चुके हैं। उनके दो बेटे रोहन व हर्ष व एक बेटी खुशी है। मेरा पोता रोहन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण रणनीतियों की जानकारी दी

**गोहाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खन्दराई में चल रहे 6 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण रणनीतियों की जानकारी दी गई। एफएलएन शिविर शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ राजकुमार पंघाल की अध्यक्षता में यह शिविर राजकीय विद्यालय महमूदपुर के कार्यकारी प्राचार्य अजय की देखरेख में चल रहा है।

शिविर में मास्टर ट्रेनर डॉ. रजनी, डॉ. सुशीला, जयप्रकाश व पूजा द्वारा प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### कोरियर कार्यालय के पास खड़ी बाइक चोरी

गन्नौर। बादशाही रोड स्थित डीटीडीसी कोरियर कार्यालय के पास सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पानीपत जिले के पलड़ी गांव निवासी सुनील ने बताया कि वह 29 सितंबर को अपनी मोटरसाइकिल से काम के सिलसिले में बादशाही रोड गन्नौर स्थित डीटीडीसी कोरियर कार्यालय आया था। उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और काम पर चला गया।

### वेयरहाउस का ताला तोड़ फायर की दो मोटर चोरी

**गन्नौर।** गांव पुरखास स्थित एक वेयरहाउस में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर फायर की दो मोटर चोरी कर ली। वेयरहाउस मालिक की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनीपत के गोविंद नगर निवासी हर्ष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव पुरखास में वेद रोशनी के नाम से उनका वेयरहाउस है। वेयरहाउस की देखभाल के लिए गांव पुरखास राठी निवासी रमेश को चौकीदार रखा हुआ है।

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

**खरखौदा।** लद्दाख के लेह स्थित एनडीएस ग्राउंड के इंडोर स्टेडियम में 10 वीं पेंचक सिलाट फेडरेशन कप 2026-27 में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते 7 पदक हासिल किए। खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सत प्रकाश नंबरदार, प्रधानाचार्या दया दहिया, अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच जगमेंद्र पांचाल ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

## फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने बिखेगी छटा

# लक्की-मनीष मिस्टर व रेशम-पलक को मिला मिस फ्रेशर का खिताब

### हिंदू महाविद्यालय में यूजी व पीजी संकायों के लिए 3 दिवसीय फ्रेशर पार्टी एवं टैलेंट हंट शो का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू महाविद्यालय में स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) संकायों के लिए वीरवार को 3 दिवसीय फ्रेशर पार्टी एवं टैलेंट हंट शो का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन कॉमर्स विभाग की ओर से यूजी व पीजी कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सीमा गर्ग ने विद्यार्थियों को जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया।




**सोनीपत।** हिंदू महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी में रंगारंग प्रस्तुति देती छात्रा तथा फ्रेशर पार्टी के दौरान प्राचार्य डॉ. सीमा गर्ग व स्टाफ सदस्यों के साथ विभिन्न खिताब से नवाजे गए विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### शानदार प्रस्तुतियां दी

विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों का चयन उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व एवं प्रस्तुतियों के आधार पर किया गया। बीकॉम से लक्की को मिस्टर फ्रेशर, रेशम को मिस फ्रेशर, बीबीए से मनीष को मिस्टर फ्रेशर, पलक को मिस फ्रेशर और एमकॉम से अमन को मिस्टर फ्रेशर, खुशी को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुतियों व प्रतिभा के लिए मिस्टर परफॉर्मर का खिताब एमकॉम से ललित, बीबीए से दीक्षांत को प्रदान किया गया। वहीं मोस्ट टैलेंटेड का खिताब बीबीए से दीपक व बीकॉम से तनु को मिला। नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए कॉलेज जीवन की एक उत्साहपूर्ण, सुखद एवं यादगार शुरुआत का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे।

#### मोबाइल से बचने के लिए प्रेरित किया

उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने, अनुशासन बनाए रखने, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूरी बनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बलजीत कौशिक ने कार्यक्रम में शिरकत की। कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा गुप्ता व बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता ने प्रथम वर्ष के नवागंतुक विद्यार्थियों का अभिनंदन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, संगीत एवं अन्य प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन डॉ. शालू व डॉ. सुनील कुमार ने किया। प्रतियोगिताओं में डॉ. विशाल शर्मा, डॉ. निष्ठा पराशर, निधि गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।



**सोनीपत।** मार्च के दौरान कुमारी शैलजा के साथ कांग्रेस पदाधिकारी एवं अन्य।

## सैलजा की अगुवाई में निकाला 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने वीरवार को सोनीपत में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च निकाला और व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ हुए दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों ने इस दिन को 'काला दिवस' के रूप में मनाया। एआईसीसी महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने मार्च की अगुवाई की। गांधी चौक से शुरू हुआ पैदल मार्च बस स्टैंड के पास स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के त्यागपत्र व उन्हें पद से हटाए जाने की मांग उठाई।

#### मताधिकार लोकतंत्र की बुनियाद : कमल

शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान आम नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने का एक जन-आंदोलन है। कांग्रेस जनहित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक अपनी आवाज उठाती रहेगी।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, धर्मपाल मलिक, प्रशांत, जयवीर अंतिल, दीपक, देवेंद्र, देवेंद्र शर्मा, बिन्नी भारद्वाज, राज सेवली, पायल, जागीर, ललित, राजेश पहलवान, श्रद्धानंद, सिलकराम, डॉ. कुलबीर, डॉ. आजाद सिंह, जसवंत, सतपाल, ऋतुराज, लीलू प्रधान, पवन मेहरा, देवेंद्र, नीलम , बिंदिया, चंद्रकमल, सिकंदर और प्रीतम मौजूद रहे।

## सीएम नायब सिंह सैनी के दो वर्ष के कार्यकाल पर जसपाल ने दी बधाई



राई। भाजपा नेता जसपाल आंतिल ने राई स्पोर्ट्स स्कूल के हेलीपैड पर दिल्ली रवाना होने के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रदेश सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दीं।जसपाल आंतिल ने मुख्यमंत्री के दो वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास और जनहित के कार्यों के निरंतर आगे बढ़ने की कामना की।

## प्रदेश के विकास, जनसेवा, सुशासन और संगठन के बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा



**राई।** भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने राई हेलीपैड पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रदेश के विकास, जनसेवा, सुशासन और सरकार-संगठन के बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा की। बड़ौली ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई दिशा में आगे बढ़ा रही है। सरकार और संगठन के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास को मजबूत रखते हुए हरियाणा को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नव ज्योति शिक्षा सदन में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 8 अक्टूबर को रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों की आवश्यक रक्त जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चिकित्सा टीम ने विद्यार्थियों की जांच करते हुए उन्हें संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। विद्यालय के




प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते कहा कि विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी समझने में मदद मिलती है।

## समय के साथ आगे बढ़ें बेटियां : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में गुरुवार को हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। संवाद के दौरान छात्राओं को आत्मविश्वास, धैर्य, शिक्षा, तकनीक के सदुपयोग तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। मीना परमार ने कहा कि बेटियों को न डरने और न दबने की भावना के साथ जीवन में आगे बढना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए धैर्य अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के उजियारे से अंधकार को दूर किया जा सकता है और शिक्षित महिला न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज, प्रदेश और



**गोहना।** में-छात्राओं से संवाद करते हुए हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार। फोटो : हरिभूमि

देश को गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह और बहन सुभाषिणी के शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए त्याग और समर्पण का प्रकाश आज पूरे विश्व में फैल रहा है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विवि की स्थापना ही महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के महान उद्देश्य को लेकर हुई थी। आज की बेटियां केवल अपने भविष्य का निर्माण नहीं कर रहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी दिशा दे रही हैं। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. जगदीप सिंगला, डॉ. अनिल, अशोक भारद्वाज, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता लोहचब, किरण बाला, हरदीप सिंह व मनदीप सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गौरवशाली रहा भारतीय वायु सेना का इतिहास : मलिक

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय वायु सेना का 94 वां स्थापना दिवस मनाया गया, जो कि हर वर्ष 8 अक्टूबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ तराना नेगी द्वारा की गई। भारतीय वायु सेना का गठन आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर 1932 को हुआ। भारतीय वायुसेना ने प्रथम बार 1 अप्रैल 1933 को उड़ान भरी थी। द्वितीय विश्व युद्ध में बेहतर प्रदर्शन और वीरता को देखते हुए भारतीय वायु सेवा को रॉयल की उपाधि मिली। 1 जनवरी 1950 में रॉयल शब्द हटाकर इंडियन एयर फोर्स कर दिया गया। भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य है 'नभम स्पर्शम दीप्तम' है जिसका शाब्दिक अर्थ 'गौरव के साथ आकाश को छूना है' इस साल थीम है अभेध, अजय और सटीक मतलब ऐसा जो टूटे नहीं, जो हारे नहीं और जिसका निशाना कभी चुके नहीं। छात्रा रेखा ने वायु सेना की संगठनात्मक संरचना व कार्य प्रणाली को विस्तारपूर्वक बताया



व छात्रा राधिका और साक्षी ने कविता के माध्यम से वायु सेना की शक्ति पर प्रकाश डाला। वायु सेना का प्रमुख कार्य आकाशीय क्षेत्र की सुरक्षा के साथ-साथ पैदल सेना व जल सेना को भी आवश्यकतानुसार सहयोग देना है। डॉ विनोद मलिक ने वायु सेना के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ दिनेश व जगबीर ने वायु सेना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र व छात्राओं को देश की सेनाओं का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ योगेश बाजवान ने वायु सेना के ऐतिहासिक व सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## तीन वार्डों में समय पर कूड़ा नहीं उठने के विरोध में किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** वार्ड नंबर 21, 19 और 16 में समय पर घरों से कूड़ा नहीं उठाए जाने के विरोध में जिला पार्षद एवं वार्ड 21 के प्रतिनिधि संजय बड़वासनिया, निगम पार्षद राजेश मलिक और अनुराग जैन ने नगर निगम कार्यालय के सामने डस्टबिन लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कई दिनों तक कूड़ा घरों में पड़ा रहने से आमजन परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि हर घर से नियमित रूप से कूड़ा उठाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं हैं और कई गाड़ियों पर सहायक भी नहीं हैं। जिन गाड़ियों पर सहायक हैं, उनमें भी कुछ गाड़ी में बैठे रहते हैं। उन्होंने मांग की कि सहायक घरों से कूड़ा उठाकर गाड़ी में डालें, ताकि महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी न हो। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की वार्डवार संख्या बताने और पदों की संख्या पूरी करने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर वे निगम कार्यालय पहुंचे हैं। अधिकारियों ने एक-दो दिन में पर्याप्त गाड़ियां उपलब्ध कराने और हर घर से कूड़ा उठाने का आश्वासन दिया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5X8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

निर्देश | राजकीय विद्यालयों का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट करवाने के दिए निर्देश

# गढ़ी बलिंदा विद्यालय में हादसे पर मानवाधिकार आयोग सख्त, प्रदेशभर के खस्ताहाल स्कूलों की मांगी रिपोर्ट

■ जर्जर विद्यालय के भवनों की पहचान कर मरम्मत, बैरिकेडिंग, ध्वस्तीकरण व पुनर्निर्माण करवाने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गन्नौर के गांव गढ़ी बिलंदा स्थित राजकीय विद्यालय में 6 अगस्त को मुख्य प्रवेश द्वार पर ईंटें व मलबा गिरने से हुई 11 वर्षीय छात्र की मौत के बाद हरियाणा मानवाधिकार आयोग अब सख्त नजर आ रहा है। आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों की संरचनात्मक सुरक्षा की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। साथ ही सभी राजकीय विद्यालयों के भवनों का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट कराने, जर्जर, असुरक्षित व खस्ताहाल भवनों की पहचान कर समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि गढ़ी बिलंदा स्थित राजकीय विद्यालय में 6 अगस्त को मुख्य प्रवेश द्वार पर चढ़ी बेल व पौधों को खींचने के दौरान गेट के ऊपर से



एआई जेनरेटेड

ईंटें व मलबा नीचे आ गिरा था। हादसे में स्कूल का चौकीदार व एक छात्र घायल हो गया था। घायल छात्र को तुरंत बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में अब न्यायमूर्ति ललित बत्रा, कुलदीप जैन व दीप भाटिया की पूर्ण पीठ ने उक्त घटना से उत्पन्न गंभीर चिंताओं को देखते हुए कार्यवाही को केवल गढ़ी बलिंदा के विद्यालय तक सीमित न रखते हुए पंचकूला स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक, निदेशक, और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद (एचएसएसपीपी) के राज्य परियोजना निदेशक को प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों की संरचनात्मक सुरक्षा की व्यापक समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में अधिकारियों को सभी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने की बात कही है। यह निरीक्षण संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों व खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से कराया जाए। उक्त अधिकारी विद्यालयों के भवनों का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट विधिवत योग्य सिविल इंजीनियरों, सक्षम तकनीकी एजेंसियों के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करेंगे।

#### पर्याप्त कदम उठाना जरूरी

आयोग की मानें, तो संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट में विशेष रूप से ऐसे विद्यालय के भवनों या उन हिस्सों की पहचान की जाएगी, जो जर्जर, असुरक्षित या किसी अन्य रूप में खस्ताहाल हो चुके हैं। इसमें केवल स्कूल भवन ही नहीं, बल्कि मुख्य प्रवेश द्वार, लेंटर, चारदीवारी, छत व अन्य संरचनाएं भी शामिल होंगी, जिनसे विद्यार्थियों व कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। आयोग ने स्पष्ट किया कि केवल असुरक्षित भवनों की पहचान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं होगा। ऐसे मामलों में मरम्मत, रखरखाव, बैरिकेडिंग, ध्वस्तीकरण व पुनर्निर्माण सहित ठोस सुधारात्मक उपाय किए जाना भी अनिवार्य होगा।

#### कारणों की भी होगी विस्तृत जांच

गढ़ी बलिंदा मामले की सुनवाई के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त, गन्नौर ने आयोग को अवगत कराया कि मामले की जांच जारी है। विद्यालय भवन की संरचनात्मक स्थिति का निरीक्षण करने व मुख्य प्रवेश द्वार के ईंट, कंक्रीट गिरने के कारणों का पता लगाने के लिए उपायुक्त से जांच समिति गठित करने का अनुरोध पहले ही किया जा चुका है। ऐसे में आयोग ने पुलिस आयुक्त, सोनीपत को निर्देश दिए हैं कि पुलिस विभाग के जांच अधिकारी को भी उक्त जांच समिति का सदस्य बनाना सुनिश्चित करें।

#### अधिकारी रिपोर्ट में जता रहे मात्र स्पष्टता

सहायक पुलिस आयुक्त ने आयोग को आश्वस्त किया कि मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा, कार्रवाई रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाएगी। घटना से पहले स्कूल का निरीक्षण किया गया है। जिसकी मरम्मत के लिए 26.05 लाख रुपये का अनुमानित बजट तैयार किया गया है। जिसे प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को भेजा गया है। गन्नौर के खंड शिक्षा अधिकारी की प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार घटना से पहले भी विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने 19 मई को विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया था, जबकि कनिष्ठ अभियंता ने 22 मई को तकनीकी निरीक्षण किया।



### देश की एकता का संदेश लेकर साइकिल से निकले रोशन दास

**सोनीपत।** देश की एकता, अखंडता, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती और नशामुक्त भारत का संदेश लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर की साइकिल यात्रा कर रहे रोशन दास मुंशी का सोनीपत पहुंचने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने स्वागत किया। मेयर ने उनके साथ चार किलोमीटर साइकिल यात्रा की और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। रोशन दास मुंशी ने बताया कि वह अब तक 12 हजार किलोमीटर से अधिक साइकिल चला चुके हैं। दक्षिण भारत के सभी राज्यों की यात्रा के बाद अब वह उत्तर भारत के दौरे पर हैं। यात्रा के दौरान वह स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर संवाद करते हैं और देश व प्रकृति के प्रति समर्पण का संदेश देते हैं। राजीव जैन ने कहा कि समाज से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर जागरूकता पैदा करना जरूरी है। रोशन मुंशी अपना घर-बार छोड़कर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी विकसित भारत के सपने का आधार है।